स्टेनोग्राफर (स्टेनोग्राफर ग्रेड 'सी' एवं 'डी' परीक्षा) -2017 द्वारा स्टेनोग्राफर के पद के लिए चयनित उम्मीदवारों के लिए सूचना

कर्मचारी चयन आयोग के द्वारा स्टेनोग्राफर ग्रेड 'सी' एवं 'डी' परीक्षा-2017 का परिणाम दिनांक 29 मार्च 2019 को घोषित किया गया है। स्टेनोग्राफर ग्रेड 'सी' एवं 'डी' परीक्षा -2017 के द्वारा कुल 40 अभ्यर्थियों को स्टेनोग्राफर के पद पर नियुक्ति हेतु भारतीय लेखा एवं लेखा परीक्षा विभाग में मनोनीत किया गया।

2. स्टेनोग्राफर के पद के लिए मनोनीत अभ्यर्थियों के राज्य का आबंटन कंप्यूटर आधारित प्रणाली के तहत किया जायेगा। तदनुसार, अभ्यर्थियों को सलाह दिया जाता है कि भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की वेबसाइट (www.cag.gov.in) को देखें और log into the URL http://cag.delhi.nic.in/statechoice पर अपने व्यकितगत सूचना, राज्य प्राथमिकता और सत्यापन फॉर्म की विस्तृत जानकारी भरें। ऑनलाइन प्रक्रिया 29 अप्रैल 2019 से प्रारम्भ होगी। ऑनलाइन सूचना भरने की अंतिम तिथि 27 मई 2019 है।

3. अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि ऑनलाइन सूचना भरने से पहले सम्बंधित निर्देशों को सावधानीपूर्वक पढें। विस्तृत जानकारी भरने के पश्चात अपने व्यक्तिगत सूचना (एकप्रति), राज्यप्राथमिकता (एकप्रति) और सत्यापन फॉर्म (दो प्रति) का प्रिंट ले लें। इसकी मूलप्रति पर अपने हस्ताक्षर कर के इसे कार्यालय को भेजें। इन दस्तावेजों की प्राप्ति दिनांक 17 जून 2019 तक हो जानी चाहिए।

4. लिफाफा के बाएं तरफ ऊपर परीक्षा का नाम अर्थात स्टेनोग्राफर ग्रेड 'सी' एवं 'डी' परीक्षा-2017 और पदनाम अर्थात स्टेनोग्राफर अंकित होना चाहिए। अपने हस्ताक्षरित व्यक्तिगत सूचना, राज्य प्राथमिकता और सत्यापन फॉर्म को स्पीड पोस्ट से निम्न पते पर भेजें।

वी. एस. वेंकटानाथन

सहायक नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक (अराज.)

भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक का कार्यालय,

9, दीनदयाल उपाध्याय मार्ग,

नई दिल्ली-10124